

## आचार्यश्री का किया पूजन

**भोपाल, 22 जुलाई.** श्री विद्योदय तीर्थ, एमपी नगर में विराजमान आचार्यश्री समयसागर जी महाराज का बुधवार को भोपाल के चौक क्षेत्र के श्रद्धालुओं को पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ. इस अवसर पर विदिशा से आए श्रावक-श्राविकाओं एवं महिला मंडल ने भी आचार्यश्री की पूजा-अर्चना की. पूजन के बाद आचार्यश्री ने प्रवचन में कहा कि 'गुरु की कभी तुलना नहीं करनी चाहिए. गुरु अतुलनीय हैं. हम तो जीरो वॉट के बल्ब के समान हैं, जबकि गुरु सर्च लाइट की तरह जीवन का मार्ग प्रकाशित करते हैं.' उन्होंने कहा कि 'देखना और दिखना दोनों में बहुत अंतर है. सामने कुछ आ जाए तो उसमें बाधा नहीं, लेकिन बार-बार मुड़कर नहीं देखना चाहिए.' आचार्य श्री ने कहा कि 'सारे विशेषण गुरु के लिए हैं, मेरे लिए नहीं.'

# डिवाइस को मिला पेटेंट

## जीएमसी ने बनाया एआई कैंसर स्क्रीनिंग डिवाइस

**भोपाल, 22 जुलाई. गांधी चिकित्सा महाविद्यालय (जीएमसी) के डेंटल सर्जरी विभाग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित ओरल कैंसर स्क्रीनिंग डिवाइस विकसित की है. इस तकनीक को भारत सरकार से पेटेंट मिल गया है.**

इसके साथ ही विभाग ने 'मुख आरोग्य' नाम से एक एआई आधारित ओरल मैलिग्नेंसी स्क्रीनिंग ऐप भी तैयार किया है, जिससे शुरुआती स्तर पर मुंह के कैंसर की पहचान में मदद मिलेगी.

संस्था के अनुसार, यह ऐप आशा कार्यकर्ताओं, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों और




प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से जुड़े कर्मचारियों के उपयोग को ध्यान में रखकर बनाया गया है. इसके माध्यम से गांवों और दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों की शुरुआती जांच की जा सकेगी और संदिग्ध मरीजों को समय पर विशेषज्ञों तक पहुंचाया जा सकेगा. डेंटल सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनुज भार्गव ने बताया कि इस तकनीक का उद्देश्य बीमारी की पहचान शुरुआती चरण में करना है, जिससे इलाज आसान और कम खर्चीला हो सके. उन्होंने कहा कि ज्यादातर मरीज देर से अस्पताल पहुंचते हैं, इसलिए समय पर स्क्रीनिंग जरूरी है. इस तकनीक के विकास में डॉ. ऋचा शर्मा और डॉ. अनिमेष बरोड़िया सहित विभाग की टीम का योगदान रहा. जीएमसी के अनुसार, यह पहल डिजिटल तकनीक और स्वास्थ्य सेवाओं को जोड़कर मुख कैंसर की जांच को आम लोगों तक पहुंचाने की दिशा में काम करेगी.

### एक नजर में

## एनएलसीटी में दिया पर्यावरण का संदेश



**भोपाल, 22 जुलाई.** एनएलसीटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ. कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी सुनीत अग्रवाल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधियों, विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार अजीत सोनी तथा एनसीसी अधिकारियों ने पौधे लगाए. आयोजन के दौरान पर्यावरण संरक्षण को नागरिकों की साझा जिम्मेदारी बताते हुए सभी से पौधों की देखभाल का संकल्प लेने की अपील की गई. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भी हिस्सा लिया और पौधारोपण के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज के डीन प्रो. डॉ. मुकेश कुमार साहू ने की. आयोजन में विधि विभाग के शिक्षक और कर्मचारी भी मौजूद रहे.

## रोटरी क्लब ऑफ न्यू भोपाल की नई कार्यकारिणी



**संतनगर, 22 जुलाई.** रोटरी क्लब ऑफ न्यू भोपाल ने वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी एवं रोटेरियन किशोर तेजवानी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष और रोटेरियन सतीपाल सचदेवानी को सचिव नियुक्त किया है. किशोर तेजवानी पिछले 28 वर्षों से रोटरी परिवार से जुड़े हैं और उन्होंने सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान दिया है. नई कार्यकारिणी में रोटेरियन टिप्सी रावत को संयुक्त सचिव बनाया गया है. वहीं मनोज शर्मा, सुमित चतुर्वेदी और किशोर तलरेजा को उपाध्यक्ष तथा दोपेश ठाकुर को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है. क्लब पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि नई कार्यकारिणी समाजसेवा की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगी.



## लघुकथा शोध केंद्र के पुस्तकालय का उद्घाटन

**भोपाल, 22 जुलाई.** हिंदी भवन परिसर में लघुकथा शोध केंद्र समिति के पुस्तकालय और नवीन कार्यालय का उद्घाटन किया गया. इस अवसर पर मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे ने कहा सतत् नया पढ़ने और सीखने का भाव सृजन के नए आयाम खोलता है. लघुकथा शोध केंद्र समिति का यह कार्यालय एवं पुस्तकालय लघुकथा विधा के उन्नयन विमर्श एवं शोध के नए कीर्तिमान रचेगा. उन्होंने केंद्र के नवीन कार्यालय एवं पुस्तकालय का मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया. इसके बाद लघुकथा गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें रेखा सक्सेना, शेफालिका श्रीवास्तव, वंदना जोशी, मधुलिका सक्सेना, निरुपमा खरे, सरिता बघेला, सुनीता प्रकाश, मेघा मैथिल, मुज़फ़्फ़र इकबाल सिद्दीकी, डॉ. गिरजेश सक्सेना, ज्योति करंजगाँवकर, शबनम सुल्ताना, मनमोहन चौरे, कांता रॉय ने अपनी रचनाओं का वाचन किया.

## आचार्यश्री को दिया जाए राजकीय अतिथि का दर्जा

**भोपाल, 22 जुलाई** जैन संत आचार्यश्री समयसागर महाराज को मध्यप्रदेश में राजकीय अतिथि का दर्जा देने की मांग उठी है. इस संबंध में बुधवार को पूर्व प्रदेश संयोजक एवं पूर्व जैन परिषद सदस्य पुष्पेंद्र जैन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम विधानसभा में ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में कहा गया है कि आचार्यश्री समयसागर महाराज के भोपाल चातुर्मास को देखते हुए सरकार इस मांग पर विचार करे. ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया है कि आचार्यश्री समयसागर महाराज को देश के प्रमुख जैन संतों में माना जाता है और उनके प्रवचनों से बड़ी संख्या में लोग जुड़े रहते हैं.

# विश्व कप हॉकी टीम में मप्र के विवेक सागर शामिल

## 15 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड में खेलेंगे

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल, 22 जुलाई. मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी के एसोसिएट खिलाड़ी विवेक सागर प्रसाद का चयन एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के लिए भारतीय पुरुष टीम में हुआ है. यह विश्व कप 15 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जाएगा.**

विवेक के चयन से प्रदेश को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व का मौका मिला है. भारतीय टीम की कमान हरमनप्रीत सिंह के हाथों में रहेगी, अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह



भी टीम का हिस्सा हैं. मुख्य कोच क्रेग फुल्टन के अनुसार टीम में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का संतुलित संयोजन रखा गया है, जिससे विश्वकप में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है. भारत को पूल-डी में इंग्लैंड, पाकिस्तान और वेल्स के साथ रखा गया है. टीम अपने अभियान की शुरुआत 15 अगस्त को वेल्स के खिलाफ करेगी. इसके बाद 17 अगस्त को इंग्लैंड और 19 अगस्त को पाकिस्तान से मुकाबला होगा. शुरुआती तीनों मैच टीम के नॉकआउट दौर की राह तय करेंगे. विवेक सागर पिछले कुछ वर्षों से भारतीय टीम के नियमित सदस्य रहे हैं और कई बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं. उनके चयन को प्रदेश के उभरते हॉकी खिलाड़ियों के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है.

# कराटे में मप्र के खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण, रजत पदक

▶ बांग्लादेश के ढाका में किया शानदार प्रदर्शन

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल, 22 जुलाई. बांग्लादेश में आयोजित 10वीं कैडेट, जूनियर, अंडर-21 एवं सीनियर दक्षिण एशियाई कराटे चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता.**

अंडर-21 के +68 किलोग्राम वर्ग में कल्याणी विश्वकर्मा ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया, कैडेट वर्ग के -57 किलोग्राम में अमेय कटारे ने रजत पदक हासिल



अमेय



कल्याणी

किया. आयोजकों के अनुसार, चैंपियनशिप में दक्षिण एशिया के कई देशों के खिलाड़ियों ने खेल विभाग का कहना है कि इन नतीजों से प्रदेश के युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिलेगी.

# विश्व कप में भारत के गोलपोस्ट पर होंगे भोपाल के मोहित एचएस

▶ अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड्स में होगा विश्व कप

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल, 22 जुलाई. साई राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) भोपाल के गोलकीपर मोहित एचएस का चयन एफआईएच सीनियर पुरुष हॉकी विश्व कप-2026 के लिए भारतीय टीम में हुआ है.**

विश्व कप 15 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड्स में खेला जाएगा, जहां दुनिया की 16 शीर्ष टीमें खिताब के लिए मुकाबला करेंगी. सीनियर विश्व कप टीम में जगह मिलने के साथ मोहित पहली बार इस बड़े मंच पर



भारत के गोलपोस्ट की जिम्मेदारी संभालेंगे.

कर्नाटक के रहने वाले मोहित पिछले कुछ वर्षों से भोपाल स्थित साई केंद्र में प्रशिक्षण ले रहे हैं. जूनियर स्तर पर लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद उन्हें सीनियर टीम में मौका मिला है.

## गुरु पूर्णिमा पर होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**भोपाल, 22 जुलाई.** गुरु पूर्णिमा पर 29 जुलाई को संस्कृति विभाग की ओर से भोपाल सहित 14 स्थानों पर संगीत, नृत्य और ललित कला से जुड़े आयोजन होंगे. भोपाल में मुख्य कार्यक्रम शाम 7 बजे मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में होगा. यहां कर्नाटक के गायक सिद्धार्थ बेलमन्यू शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति देंगे. इंदौर की निवेदिता पंडा कथक समूह नृत्य प्रस्तुत करेंगी. प्रवेश निःशुल्क रहेगा. संस्कृति विभाग के अनुसार, इन आयोजनों का उद्देश्य गुरु-शिष्य परंपरा और भारतीय कला परंपराओं को आगे बढ़ाना है. नरसिंहगढ़, उज्जैन, ग्वालियर, खंडवा, इंदौर सहित अन्य शहरों में भी कार्यक्रम होंगे.

# कॉमनवेल्थ में भोपाल के चार जूडो खिलाड़ी

▶ 3 जुलाई से 2 अगस्त तक स्कॉटलैंड में दिखाएंगे दम

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल, 22 जुलाई. स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) भोपाल के चार जूडो खिलाड़ियों का चयन कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए भारतीय टीम में हुआ है. यह प्रतियोगिता 23 जुलाई से 2 अगस्त तक ग्लासगो (स्कॉटलैंड) में खेली जाएगी.**

एक ही केंद्र से चार खिलाड़ियों का राष्ट्रीय टीम में चयन भोपाल के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है. भारतीय टीम में अस्मिता डे 48 किलोग्राम, श्रद्धा चोपड़े 52 किलोग्राम,



अस्मिता डे



श्रद्धा चोपड़े



अवतार सिंह



यश घांगस

अवतार सिंह 100 किलोग्राम और यश घांगस 100 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में चुनौती पेश करेंगे. चारों खिलाड़ी पिछले कुछ वर्षों से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं. संस्था के मुताबिक इसी प्रदर्शन के आधार पर उन्हें भारतीय टीम में जगह मिली है. साई सीआरसी भोपाल के क्षेत्रीय निदेशक अभिषेक सिंह चौहान ने उम्मीद जताई कि ये खिलाड़ी कॉमनवेल्थ गेम्स में बेहतर प्रदर्शन कर देश के लिए पदक जीतने का प्रयास करेंगे. संस्था के अनुसार खिलाड़ियों की तैयारी में कोचिंग के साथ खेल विज्ञान विशेषज्ञों, फिजियोथेरेपी, पोषण, मानसिक प्रशिक्षण और रिकवरी प्रबंधन की भी अहम भूमिका रही है. यही कारण है कि केंद्र से लगातार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ी तैयार हो रहे हैं.



# एनएसएस छात्राओं ने आश्रम में कराया भोजन

संत नगर प्रतिनिधि

**संत नगर, 22 जुलाई. संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की स्वयंसेविकाओं ने निराश्रित एवं असहाय लोगों के लिए संचालित अपना घर आश्रम का भ्रमण किया.**

इस दौरान छात्राओं ने आश्रम में रह रहे लोगों को भोजन परोसा तथा उनके साथ समय बिताकर सेवा और अपनत्व का संदेश दिया. कार्यक्रम के दौरान आश्रमवासियों को फल वितरित किए गए. छात्राओं ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर आश्रम का वातावरण भक्तिमय और आनंदमय बना दिया. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीना बरसे ने बताया कि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालीमा पारवानी ने स्वयंसेविकाओं के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों में समाज सेवा, संवेदनशीलता और समर्पण की भावना विकसित करना है, जिसे छात्राओं ने अपने कार्यों से सार्थक रूप में प्रदर्शित किया.

# बड़ली माता मंदिर की पहाड़ी पर रोपे जाएंगे 1111 पौधे

## देव संस्कृति विवि के कुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या आज आएंगे

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 22 जुलाई. देव संस्कृति विश्वविद्यालय, शांतिकुंज हरिद्वार के प्रति कुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या 23 जुलाई को भोपाल आएंगे. उनके दौरे के दौरान भोपाल के पास बड़ली माता मंदिर की पहाड़ी पर वृक्ष गंगा अभियान के तहत 1111 पौधों का रोपण किया जाएगा.**

आयोजकों के अनुसार, इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और अधिक से अधिक लोगों को पौधारोपण से जोड़ना है. संस्था के मुताबिक, डॉ. पंड्या गुरुवार सुबह



7:55 बजे राजा भोज विमानतल आएंगे. इसके बाद वे पौधारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे. आयोजकों का कहना है कि इसमें बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के कार्यकर्ता, स्वयंसेवक और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े लोग शामिल होंगे. गायत्री परिवार के जिला समन्वयक रमेश नगर ने बताया कि अभियान का उद्देश्य केवल पौधे लगाना नहीं, उनके संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना भी है.



## रामबहादुर राय को मिलेगा राष्ट्रीय पुरस्कार

**भोपाल, 22 जुलाई.** तुलसी शोध संस्थान, संस्कृति विभाग द्वारा 6 अगस्त को तुलसी मानस प्रतिष्ठान (मानस भवन) में शाम 4 बजे अलंकरण समारोह आयोजित किया जाएगा. इस समारोह में वर्ष 2026 का प्रतिष्ठित 'पद्मभूषण युगतुलसी पं. श्री रामकिंकर उपाध्याय राष्ट्रीय पुरस्कार' वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं राष्ट्रचिंतक रामबहादुर राय को प्रदान किया जाएगा.

## नगर में आज

**लास्य त्रिवेणी की प्रस्तुति**
**समय**- शाम 7 बजे, **स्थान**-स्वर्ण जयंती सभागार

**माह का प्रादर्श**
**समय**- सुबह 11 बजे से, **स्थान**- मानव संग्रहालय

**चित्र प्रदर्शनी**
**समय**- दोपहर दो बजे से, **स्थान**- भारत भवन

धार्मिक आयोजन ▶ करुणाधाम में महालक्ष्मी स्थापना महोत्सव आज से

# 75 लाख के स्वर्ण आभूषणों से होगा माता का श्रृंगार

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 22 जुलाई. नेहरू नगर स्थित करुणाधाम आश्रम में श्री महालक्ष्मी देवालय स्थापना महोत्सव के तहत गुरुवार 23 जुलाई से तीन दिवसीय महायज्ञ शुरू होगा. 25 जुलाई तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में विशेष पूजा, हवन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.**

आयोजकों के अनुसार, इसमें देश-विदेश से श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है. आयोजन के दौरान श्री महालक्ष्मी माता का विशेष श्रृंगार किया जाएगा.



आश्रम के अनुसार, माता को करीब 75 लाख रुपए के स्वर्ण आभूषणों से सजाया जाएगा. इसके लिए विशेष पोशाक और आभूषणों की व्यवस्था की गई है. तीनों दिन अलग-अलग स्वरूप में माता का श्रृंगार किया जाएगा. महायज्ञ में करुणाधाम आश्रम के पीठाधीश्वर गुरुदेव सुदेश शांडिल्य महाराज और माँ ममता शांडिल्य मुख्य यजमान के रूप में शामिल होंगे. आयोजन में विश्व शांति और देश की समृद्धि के लिए प्रार्थना की जाएगी. आश्रम के मुताबिक, तीनों दिन शाम को धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे. 23 जुलाई को दुर्गाचरितम् और 24 जुलाई को नृत्य संकीर्तनम् की प्रस्तुति रखी गई है. आयोजन को देखते हुए आश्रम परिसर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. श्रद्धालुओं के लिए पूजा और कार्यक्रमों में शामिल होने की व्यवस्था की गई है.

## बरखा गीतों से इंद्रदेव का हुआ आह्वान

**भोपाल, 22 जुलाई.** प्रखर सामाजिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा नमस्कार पावस के अंतर्गत ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया. इसमें विभिन्न राज्यों की कवयित्रियों एवं साहित्यकारों ने वर्षा ऋतु पर आधारित अपनी सुंदर रचनाओं के माध्यम से प्रकृति एवं इंद्रदेव का अभिनंदन किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता बेंगलुरु (कर्नाटक) की वरिष्ठ साहित्यकार विजया रिंगे ने की. मुख्य अतिथि भोपाल की कल्पना विजयवर्गीय, विशिष्ट अतिथि रायपुर की डॉ. प्रभा शुक्ला तथा सारस्वत अतिथि हैदराबाद की नमिता सेन गुप्ता थीं.

# सिक्योर मीटर्स के साथ सीखे इंडस्ट्री के गुण

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 22 जुलाई. मैनिट के ट्रेनिंग और प्लेसमेंट सेल की ओर से कैंपस के सिविल ऑडिटोरियम में सिक्योर मीटर्स के सहयोग से एक दिवसीय 'कैंपस कनेक्ट इवेंट' का आयोजन किया गया. बीटेक तीसरे और चौथे वर्ष के विद्यार्थियों ने इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स से संवाद कर तकनीक, सस्टेनेबिलिटी और करियर से जुड़े अहम गुण सीखे.**

कार्यक्रम के तकनीकी सत्रों में सिक्योर मीटर्स से आए ऑपरेशन्स और क्वालिटी मैनेजर अनिल त्रिपाठी ने क्वालिटी स्टैंडर्ड और मैन्युफैक्चरिंग एक्सीलेंस को



समझाया. उन्होंने बताया कि एक सफल इंजीनियर बनने के लिए प्रोसेस सुधार और ग्लोबल क्वालिटी मानकों का पालन कितना जरूरी है. वहीं, एचआर जनरल मैनेजर शफीक अहमद ने नेट ज़ीरो और सस्टेनेबिलिटी विषय पर विचार रखते हुए विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रॉब्लम सॉल्विंग एबिलिटी, इनोवेशन और लगातार सीखते रहने की आदत विकसित करने की सलाह दी.